दिनांक : 26.03.2026 समय 0210pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

राम नवमी- शुभकामनाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम नवमी के पावन पर्व पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि भगवान श्री राम की जीवन यात्रा हमें सत्य, न्याय और कर्तव्यों के निर्वाह का मार्ग दिखाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन हर परिस्थिति का साहस से सामना करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कामना की कि भगवान राम की कृपा से 'विकसित और आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प की पूर्ति हो। उधर, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवरात्रि के अवसर पर कन्या पूजन और कन्या भोज कर बेटियों को साक्षात देवी का रूप बताया।

लोकार्पण और भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के प्रवास पर हैं । मुख्यमंत्री छिंदवाड़ा में 506 करोड़ रुपये की लागत के 105 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन करेंगे। साथ ही, वे प्रदेश के संबल और पेंशन योजना के हितग्राहियों के खातों में सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण भी करेंगे। नवनिर्मित जिले पांढुर्णा को विकास की गति देते हुए मुख्यमंत्री वहाँ 362 करोड़ रुपये से अधिक के 67 विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे और लोकार्पण करेंगे। अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री जामसांवली धाम में 'हनुमान लोक' परियोजना के प्रथम चरण का लोकार्पण कर हनुमान जन्मोत्सव 2026 का शुभारंभ करते हुए बताया कि ।

प्रधानमंत्री - जेवर हवाई अड्डा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को उत्तर प्रदेश के जेवर में **नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे** के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। इसे लगभग 11 हजार दो सौ करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। इस हवाई अड्डे का उद्घाटन, भारत के वैश्विक विमानन केंद्र बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए यह हवाई अड्डा प्रवेश द्वार के रूप में काम करेगा और इससे सुगमता से विदेशों तक पहुंच सुनिश्चित होगी।

शिवराज- रायसेन

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रायसेन जिले के प्रवास पर हैं। वे यहाँ आगामी 11 अप्रैल से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय 'कृषि महोत्सव एवं प्रदर्शनी' की तैयारियों का जायजा लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, केंद्रीय मंत्री दशहरा मैदान पहुँचकर मेला स्थल का निरीक्षण और भूमि-पूजन करेंगे। इसके बाद वे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कृषि मेले की रूपरेखा पर पत्रकारों से चर्चा करेंगे।

ईरान-भारत-होर्मुज

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान ने भारत, चीन तथा रूस सहित कई अन्य मित्र देशों को होर्मुज जल-डमरू-मध्य का उपयोग करने की अनुमति दी है। ईरान के इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को रोकने के बाद से दुनिया भर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में वृद्धि हुई है। इस मार्ग से विश्व के लगभग 20 प्रतिशत प्राकृतिक ईंधन की ढुलाई होती है। अमरीका के राष्ट्रपति, डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान को जलमार्ग ना खोलने की स्थिति में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच एक बार फिर मौसम करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने कल यानी 27 से 29 मार्च तक प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और बारिश का 'येलो अलर्ट' जारी किया है। इसका मुख्य असर उज्जैन, ग्वालियर और सागर संभाग में देखने को मिलेगा। बीते 24 घंटों में नर्मदापुरम 38.8 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा, लेकिन अब पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से तापमान में आंशिक गिरावट की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- स्कूली बच्चों को सस्ती दर पर किताबें, यूनीफॉर्म व स्टेशनरी उपलब्ध कराने के लिये ग्वालियर में 25 मार्च से 03 अप्रैल तक पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है।
- जबलपुर के तिलगवां गांव में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम 50 से अधिक महिलाओं सहित 100 किसानों ने हिस्सा लिया।
- शिवपुरी जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत नियुक्त सभी फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पीजी कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है।
- शहडोल जिले कठौतिया गांव में 3 जंगली हाथियों के दल ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है औरएक घर में तोड़ फोड़ की है। हाथियों के मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग लगातार निगरानी कर रहा है।
  और
- नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आगरमालवा के बड़ौद में कल एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस बुलेटिन में बस इतना ही, अगला बुलेटिन शाम 7 बजकर 10 मिनट पर, नमस्कार।